# शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, (जबलपुर)
# केन्द्रीय ग्रंथालय

**परिचय–**

महाविद्यालय का केन्द्रीय गंथालय छात्रों, शोधार्थियों तथा शिक्षकों को अध्ययन तथा अध्यापन से संबंधित सभी सुविधाएँ तथा संसाधन उपलब्ध कराने का अमूल्य केन्द्र है। ग्रंथालय अपने प्राचीनतम दुर्भल ग्रंथों के साथ ही आधुनिकतम तकनीक को अपनाते हुए अपने पाठकों को ई–बुक्स तथा ई–जर्नल्स की सुविधा भी उपलब्ध कराता है। ग्रंथालय में अनुसंधान तथा अध्ययन हेतु अनुकूल वातावरण प्रदान करने लिए ग्रंथालय परिसर में औषधीय पौधों का रोपण कर हरा–भरा, स्वच्छ तथा शांत वातावरण निर्मित किया गया है एवं ग्रंथालय को ग्रीन लाइब्रेरी के रूप में विकसित किया जा रहा है।

ग्रंथालय में विज्ञान के समस्त विषयों के साथ ही धार्मिक, आध्यात्मिक साहित्यिक तथा प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित कुल 64083 पुस्तकें उपलब्ध है। स्नातकोत्तर विभागों में विभागीय ग्रंथालय है जिनकी संख्या 7 है। इसके अलावा रिसर्च जर्नल्स, पत्रिकाएँ तथा पूर्व वर्षों के प्रश्न पत्र भी भौतिक तथा डिजिटल स्वरूप में उपलब्ध हैं। ग्रंथालय में विद्यार्थियों शोधार्थियों तथा शिक्षकों हेतु अलग–अलग अध्ययन कक्ष उपलब्ध हैं। जिसमें एक समय में लगभग सौ से अधिक पाठक एक साथ अध्ययन कर सकते हैं।

**उद्देश्य–**

1. पाठकों को ग्रंथालय में उपलब्ध अध्ययन सामग्री के प्रति जागरूक करना तथा अध्ययन हेतु प्रेरित करना।
2. शिक्षकों तथा छात्रों की आवश्यकतानुरूप ग्रंथालय के संग्रह को समृद्ध बनाना।
3. आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर पाठकों को उनकी चाही गई अध्ययन सामग्री शीघ्र प्रदान कर उनके बहुमूल्य समय की बचत करना।
4. ई–बुक्स तथा ई–जर्नल्स के उपयोग हेतु पाठकों के प्रेरित करना ताकि पाठकों को उनके विषय में होने वाली नवीनतम शोध की जानकारी प्राप्त हो सके।
5. शोध अध्ययन तथा अध्ययन हेतु ग्रंथालय में स्वच्छ, शांत तथा हरित वातावरण प्रदान करना।

**नियमावली–**

1. शासकीय अवकाश को छोड़कर ग्रंथालय प्रतिदिन 10:30 से 05:30 तक खुला रहता है।
2. ग्रंथालय में प्रवेश हेतु समस्त छात्र/छात्राओं के पास उनका परिचय पत्र तथा ग्रंथालय कार्ड होना आवश्यक है।
3. प्रत्येक विद्यार्थी को एक बार में दो पुस्तकें ही निर्गमित हो सकेंगी।
4. पुस्तकें 15 दिनों के लिए पाठक के नाम पर जारी की जाएगीं।
5. आवश्यकता होने पर पुस्तकों को पुनः 15 दिनों के लिए जारी की जावेगीं।

6. संदर्भ पुस्तकें, शोध पत्रिकाएं तथा प्रतियोगी परीक्षा से संबंधित पुस्तकों का अध्ययन ग्रंथालय परिसर में ही करें।
7. परीक्षा से पूर्व ग्रंथालय की पुस्तकें लौटाकर अदेय प्रमाण पत्र प्राप्त करना आवश्यक है।
8. पुस्तकों में किसी भी प्रकार की हानि ना पहुचायें।

**सेवाएं–**

1. पाठकों हेतु पुस्तकों का आदान–प्रदान करना।
2. अध्ययन कक्ष में विद्यार्थियों हेतु समाचार पत्र, पुराने प्रश्न पत्र, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकें तथा पत्रिकाएँ उपलब्ध कराई जाती है।
3. अनुसूचित जाति/जनजाति निःशुल्क पुस्तक वितरण योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति तथा जनजाति के प्रत्येक विद्यार्थी को उनके विषय से संबंधित 1500/– रूपये की पुस्तकें निःशुल्क प्रदाय की जाती है।
4. रिसर्च जर्नल्स, थीसिस, संदर्भ ग्रंथ तथा दुर्लभ ग्रंथों की अध्ययन सुविधा।

**आधुनिक तकनीकी सेवाएं–**

महाविद्यालय ग्रंथालय द्वारा इलेक्ट्रॉनिक स्वरूप में उपलब्ध अनेक रिसर्च जर्नल्स तथा पुस्तकें निम्नांकित वेबसाइटस के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है।

1. ई–जर्नल्स तथा ई–बुक्स
   ई–ग्रंथालय (बेबसाइट)
   इनफ्लिबनेट (बेबसाइट)
   डेलनेट (बेबसाइट)
2. ई डाटाबेस
   इनफ्लिबनेट, डेलनेट
3. वाई–फाई युक्त कैम्पस
4. ऑन लाईन कैटलॉग

**ग्रंथालयीन गतिविधियाँ–**

**सत्र 2021–22**

केन्द्रीय ग्रंथालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत शामिल किए गए नवीन पाठ्यक्रम की पुस्तकों प्रदर्शनी में विशेष रूप से शामिल किया गया। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों तथा शैक्षणिक स्टा फ को नवीन शिक्षा नीति के संबंध में जानकारी देना था।

केन्द्रीय ग्रंथालय परिसर को हरा भरा तथा स्वच्छ वातावरण प्रदान करने के लिए वृक्षारोपण किया गया।

**सत्र 2022–23**

केन्द्रीय ग्रंथालय द्वारा राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन किया गया जिसमें देश भर से पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान व अन्य विषयों के विद्वान शामिल हुए। सेमीनार का विषय ''डिजिटल लाइब्रेरी रिसोर्सेज एण्ड सर्विसेज फॉर एकेडमीशियन्स'' था।

सेमीनार में प्रस्तुत रिसर्च पेपर्स का प्रकाषन श्री विनायक पब्लिकेशन की पुस्तक ''डिजिटल लाइब्रेरी रिसोर्सेज एण्ड सर्विसेज फॉर एकेडमीशियन्स'' ISBN 978-93-91267-17-9 में किया गया।

**सत्र 2023–24**

केन्द्रीय ग्रंथालय द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के जीवन चरित्र पर उपलक्ष्य में उनकी तथा देश को महापुरूष आधारित पुस्तकों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका लाभ महाविद्यालय के विद्यार्थियों तथा शिक्षकों ने प्राप्त किया।

केन्द्रीय ग्रंथालय में पाठकों को हरा–भरा तथा स्वच्छ वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य हेतु ग्रीन लाइब्रेरी अभियान की शुरूआत की गई। इस कड़ी में ग्रंथालय परिसर में औषधीय पौधों का रोपण किया गया तांकि विद्यार्थी बुक रीडिंग के साथ–साथ पौधों से जुड़ी जानकारी भी प्राप्त कर सकें।

# दैनिक समाचार पत्र–पत्रिका






# रीडिंग रूम





# अनुसूचित जाति/जनजाति निःशुल्क पुस्तक वितरण







## डिजिटल लाइब्रेरी




Govt.
Co
Jab
ts
ge
Google
GPS Map Camera
Jabalpur, Madhya Pradesh, India
574, Govindh Bhavan Colony, South Civil Lines, Jabalpur, Madhya Pradesh
482001, India
Lat 23.16397°
Long 79.968157°
05/03/22 01:20 PM


Govt.
Co
Jab
ts
ge
Google
GPS Map Camera
Jabalpur, Madhya Pradesh, India
574, Govindh Bhavan Colony, South Civil Lines, Jabalpur, Madhya Pradesh
482001, India
Lat 23.16397°
Long 79.968157°
05/03/22 01:20 PM

# पुस्तक संग्रहालय


GPS Map Camera
Jabalpur, Madhya Pradesh, India
Science College Chowk, Govindh Bhavan Colony, South Civil Lines, Jabalpur, Madhya Pradesh 482001, India
Lat 23.163458°
Long 79.968245°
05/03/22 01:40 PM
Google


GPS Map Camera
Jabalpur, Madhya Pradesh, India
Science College Chowk, Govindh Bhavan Colony, South Civil Lines, Jabalpur, Madhya Pradesh 482001, India
Lat 23.163481°
Long 79.968259°
05/03/22 01:40 PM
Google

## हेरीटेज लाइब्रेरी


GPS Map Camera
Jabalpur, Madhya Pradesh, India
Science College Chowk, Govindh Bhavan Colony, South Civil Lines, Jabalpur, Madhya Pradesh 482001, India
Lat 23.163492°
Long 79.968198°
05/03/22 01:39 PM
Google


HERITAGE BOOKS
GPS Map Camera
Jabalpur, Madhya Pradesh, India
Science College Chowk, Govindh Bhavan Colony, South Civil Lines, Jabalpur, Madhya Pradesh 482001, India
Lat 23.163495°
Long 79.968193°
05/03/22 01:38 PM
Google

# Circulation & Reading Room



